कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांकः- 21/06/2024

विषय:- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा श्री विद्या सारीज फर्म से साड़ी व दुपट्टा चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये गये कुल 05 अदद साडी व 05 अदद दुपट्टा (कीमती करीब 27250/- हजार) बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व राजीव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में दिनांक- 21.06.2024 को थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 59/24 धारा 379 भादवि से संबंधित अभियुक्त को वादी मुकदमा द्वारा चोरी करते समय पकड कर लाकर दाखिल किया गया था दौराने पूछताछ अभियुक्त द्वारा चोरी की गयी साड़ी व दुपट्टा बरामद कराने की बात बतायी जिस पर अभियुक्त के निशानदेही पर चोरी किये गये कुल 05 अदद साड़ी व 5 अदद दुपट्टा (कीमती करीब 35 हजार रुपये) बरामद करने में सफलता प्राप्त किया गया। फर्द बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी किया गया है और गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- अभियुक्त द्वारा वादी मुकदमा के साड़ी के फर्म की दुकान से चोरी छिपे साड़ी व दुपट्टा चोरी करना।

विवरण पूछताछः- पूछताछ पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त द्वारा बताया गया कि कुछ महीने पहले मैने कुछ साडिया व दुपट्टा चोरी किया था जिसको मैं बनारसी शहर में जो श्रद्धालु दर्शन करने आते है उनको मैने राह चलते औने पौने दामों में आसानी से बेच दिया हू तथा मेरे पास कुछ साड़ी व दुपट्टा बचा हुआ है जिसको मैं अपने घर के पास छिपाकर रखा हु । अगर आप मुझको अपने साथ लेकर चले तो मैं जिस जगह पर साड़ी व दुपट्टा छिपाकर रखा हू उसको बरामद करा सकता हू।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. रवि विश्वकर्मा पुत्र सीता राम विश्वकर्मा निवासी मकान नं0 84/7 काशी राम आवास कालोनी रूम नं0 7 शिवपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी उम्र 38 वर्ष।

<u>आपराधिक इतिहास अभि0गणः</u>- आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी किया जा रहा है।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

<u>1.</u> 05 अदद साड़ी (प्रत्येक साड़ी की कीमत लगभग 4000/- रुपये)

<u>2.</u> 05 अदद दुपट्टा (प्रत्येक दुपट्टे की कीमत लगभग 1450/- रुपये)

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः-</u> दिनांक- 21.06.2024 समय 13.15 बजे स्थानः- काशी राम आवास कालोनी थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. राजीव कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 भोला मिश्रा, चौकी प्रभारी काल भैरव थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 पीयूष कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. का0 अखिलेश कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
5. का0 शिवजी चन्द थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
6. का0 शुभम सिंह, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमि0 वाराणसी